# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषकः–
डॉ0 आलोक कुमार सिंह,
सचिव, खेलकूद परिषद
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर (उ0प्र0) (Mo-09984876699, 09415255398)
Email: sportsvbspu@gmail.com

website : vbspu.ac.in
Fax : 05452-252244

पत्रांकः 24 / क्रीड़ा / 2021
दिनांक–12.11.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

विषयः– **सत्र 2021–2022 की अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं का आवंटन, प्रतियोगिता सम्पन्न कराने एवं प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की नियमावली तथा अन्य के सम्बन्ध में।**

महोदय,

खेलकूद परिषद की वार्षिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार **सत्र 2021–2022** की क्रीड़ा सम्बन्धी कार्यवाही करने का कष्ट करें। आपसे यह भी अनुरोध है कि संलग्न निर्देशों, नियमों एवं मानकों के अनुसार ही अपने महाविद्यालय की टीमों को अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु भेजें तथा क्रीड़ा परिषद का वार्षिक क्रीड़ा शुल्क **रूपया 40.00 प्रति छात्र** की दर से **वित्त अधिकारी, खेलकूद परिषद, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर** के नाम आई0 एफ0 एस0 सी0 कोड–PUNB0453900 खाता संख्या 4539000100000794 में आर. टी. जी. एस. के माध्यम से परीक्षा फार्म के साथ अलग से भेजने का कष्ट करें, अन्यथा आपके महाविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित रह जायेगी, जिसका उत्तरदायी आपका महाविद्यालय होगा।

अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता सम्पन्न कराने हेतु जिन महाविद्यालयों को प्रतियोगिता आवंटित की गयी है, उन महाविद्यालयों के **प्राचार्य**/आयोजन सचिव से विशेष अनुरोध है कि प्रतियोगिता वार्षिक खेलकूद कैलेण्डर में निर्धारित तिथि पर ही सम्पन्न कराने की व्यवस्था करें, जिससे अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु विश्वविद्यालय की टीम का चयन करके समय से भेजा जा सके। यदि आपके महाविद्यालय द्वारा आवंटित अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता को सम्पन्न नहीं करायी जाती है तो अगले वर्ष आपके महाविद्यालय को किसी भी प्रतियोगिता का आवंटन नहीं किया जायेगा।

समस्त सम्बन्धित प्राचार्य से अनुरोध है कि यदि सत्र 2022–2023 की अन्तर महाविद्यालयीय (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन अपने महाविद्यालय में कराना चाहते हैं तो दिनांक 30 जून, 2022 तक वरीयता के आधार पर किन्हीं दो प्रतियोगिताओं का माँग पत्र जो आपके महाविद्यालय में सम्पन्न करायी जा सकती है, को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त कराने का कष्ट करें।

अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित समस्त नियम–निर्देश, वार्षिक खेलकूद कैलेन्डर एवं पात्रता (इलिजबिलिटी) फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vbspu.ac.in से डाउनलोड करके प्राप्त किया जा सकता है।

**संलग्नक– 1. वार्षिक खेलकूद कैलेण्डर, 2. प्रतियोगिता संबंधी नियम एवं निर्देश**
**3. अर्हता सम्बन्धी मानक 4. पात्रता प्रारूप**
**5. ए. आई. यू. द्वारा प्रेषित इलिजिबिलटी रूल्स।**

भवदीय,

सचिव
खेलकूद परिषद

प्रतिलिपिः–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकरी, वित्त अधिकारी जी के अवलोकनार्थ।
3. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
4. परीक्षा नियन्त्रक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. समस्त पर्यवेक्षक।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को सूचनार्थ।

सचिव
खेलकूद परिषद

## अन्तर महाविद्यालयीय एवं अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता से सम्बन्धित नियमावली एवं निर्देश–

(क) आयोजन सचिव :–

(1) अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता आयोजित कराने की तिथि विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित खेलकूद कैलेण्डर के अनुरूप समस्त महाविद्यालयों को 7 दिन पूर्व सूचित करना आवश्यक होगा।

(2) प्रतियोगिता आयोजन तिथि की सूचना निम्न के पास भेजी जाय–

क–सचिव, खेलकूद परिषद, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर। ख–सम्बन्धित प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक।

ग–समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।

(3) आयोजन सचिव को प्रतिभागी खिलाड़ियों के निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की जाँच करनी होगी–

क–प्रत्येक खिलाड़ियों का पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म।

ख–प्रत्येक खिलाड़ी के वर्तमान सत्र का परिचय–पत्र, सम्बन्धित प्राचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है।

ग–विश्वविद्यालय टीम के चयनित खिलाड़ियों के हाईस्कूल एवं इण्टर का मूल प्रमाणपत्र या मूल अंकपत्र से आयु तथा उसको खेलने की अवधि की जाँच करना आवश्यक है।

घ–जिन छात्रों का परीक्षाफल अनुचित साधन के प्रयोगों से या किन्हीं कारणवश रूका हो ऐसे खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते। परीक्षाफल घोषित हो जाने के बाद पुनः प्रवेश लिये बिना छात्र नहीं खेल सकता।

(4) ऐसे महाविद्यालय जिसका वार्षिक क्रीड़ा शुल्क सत्र 2020–2021 तक का विश्वविद्यालय क्रीड़ा कोष में नहीं जमा है उन महाविद्यालयों की टीम किसी भी दशा में प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगी।

(5) विश्वविद्यालय की चयनित टीम के समस्त खिलाड़ी जो स्नातक कक्षा में हों की पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट एवं जो परास्नातक कक्षा में हों तो हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट तथा स्नातक अन्तिम वर्ष की छायाप्रति संलग्न कर सचिव, खेलकूद परिषद, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

(6) विश्वविद्यालय की चयनित टीम की सूची एवं सम्बन्धित खिलाड़ी के पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म पर पर्यवेक्षकों का हस्ताक्षर कराकर तथा सभी प्रतिभागी टीम के सदस्यों का संलग्न प्रोफार्मा भरकर सचिव, खेलकूद परिषद, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर या परिषद के कर्मचारियों को जो प्रतियोगिता स्थल पर उपलब्ध हों को प्रतियोगिता समाप्ति के दिन ही उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

(7) आयोजक महाविद्यालय को पर्यवेक्षक, टीम मैनेजर तथा खिलाड़ियों हेतु उचित आवासीय व्यवस्था प्रदान करना होगा।

(8) आधार कार्ड, मोबाइल नं0 एवं प्रवेश फीस रसीद सं0 अनिवार्य रूप से जांच कर लिया जाय कि पात्रता प्रमाण– पत्र पर खिलाड़ी द्वारा अंकित किया गया है कि नही।

(9) आयोजक महाविद्यालय द्वारा 12 या उससे कम सदस्यों की टीम में 2, क्रिकेट टीम में 6, हैण्डबाल, फुटबाल एवं हाकी में 4 अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन किया जाय। टीम की अनन्तिम सूची सचिव, खेलकूद परिषद द्वारा घोषित की जायेगी।

(10) टीम के साथ टीम प्रबन्धक न होने की दशा में उक्त महाविद्यालय की टीम अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकती। खेलकूद परिषद द्वारा उक्त प्रतियोगिता हेतु नामित पर्यवेक्षक किसी टीम का टीम प्रबन्धक नही हो सकता।

(11) अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता के दौरान पूर्व में नामित किसी पयवेक्षक के न आने पर सचिव, खेलकूद परिषद से लिखित अथवा दूरभाष द्वारा नये पर्यवेक्षक की मांग की जाय। आयोजन सचिव के द्वारा स्वयं पर्यवेक्षक नामित नही किया जायेगा।

**(12) अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता की कम से कम 5 फोटोग्राफ एवं पेपर की कटिंग अनिवार्य रूप खेलकूद विभाग में प्रस्तुत करें।**

(ख) महाविद्यालयों के प्राचार्यों हेतु :

(1) आधार कार्ड, मोबाइल नं0 एवं प्रवेश फीस रसीद सं0 अनिवार्य रूप से पात्रता प्रमाण– पत्र पर अंकित किया जाय।

(2) प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त निर्णायकों से ही प्रतियोगिता सम्पन्न करायी जाय।

(3) महाविद्यालय के अभिलेख से यह सुनिश्चित किया जाय कि विश्वविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा शुल्क महाविद्यालय द्वारा जमा किया गया है यदि नहीं जमा किया गया है तो वार्षिक क्रीड़ा शुल्क जमा किया जाय, अन्यथा महाविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकती है।

(4) महाविद्यालय टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजना।

(5) महाविद्यालय की टीम के खिलाड़ियों के वर्तमान सत्र का परिचय–पत्र एवं पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म के फोटो को प्रमाणित करना आवश्यक है तथा फोटो पर हस्ताक्षर स्पष्ट किया जाय।

(6) टीम के साथ टीम मैनेजर को भेजना।

(7) विश्वविद्यालय की टीम में चयनित खिलाड़ियों को कालेज से विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय से कालेज तक का यात्रा–भत्ता महाविद्यालय द्वारा देय होगा।

(8) अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों की महाविद्यालयवार सूची (नाम, पिता का नाम, माता का नाम एवं कक्षा) विश्वविद्यालय के खेलकूद परिषद को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(9) अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता सम्पन्न कराये जाने हेतु दी गई अनुदान की धनराशि का समायोजन/उपभोग प्रमाण पत्र सी0 ए0 द्वारा आडिटेड प्रतियोगता सम्पन्न होने के 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में अगले सत्र में आपके महाविद्यालय को कोई भी प्रतियोगिता आंवटित नहीं की जायेगी।

(10) अनुदान की धनराशि से प्रतियोगिता सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्णायकों को रू0 800 प्रतिदिन की दर से पारिश्रमिक/निर्णायक शुल्क एवं नियमानुसार यात्रा एवं दैनिक भत्ता का भुगतान किया जाय।

(ग) विश्वविद्यालय टीम मैनेजर एवं कोच के लिए निर्देश :

(1) अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता प्रारम्भ होने की तिथि से कम से कम दो दिन पूर्व कार्य दिवस में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक खेलकूद विभाग, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर मे उपस्थित होकर चेक तथा अन्य आवश्यक प्रपत्र अवश्य प्राप्त कर लें।

(2) विश्वविद्यालय टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय द्वारा दैनिक भत्ता रू0 600.00 प्रति दिन एवं रू0 150/–प्रति खिलाड़ी आनुषांगिक व्यय का भुगतान नियमानुसार किया जाना है।

(3) खिलाड़ियों के दैनिक भत्ता का भुगतान यात्रा प्रारम्भ से यात्रा समाप्ति तक नियमानुसार किया जाय।

(4) अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के आयोजन सचिव से प्रतियोगिता स्थल पर पहुँचने तथा छोड़ने का प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। किसी भी टीम को अपना अन्तिम मैच खेलने के उपरान्त 24 घण्टे के भीतर स्थान छोड़ देना अति आवश्यक होगा। टीम प्रबन्धकों द्वारा समायोजन के साथ प्रतियोगिताओं की टाई सीट एवं पहुँचने तथा छोड़ने का प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना टाई सीट के समायोजन किया जाना सम्भव नहीं होगा।

(5) अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में प्रत्येक मैच के उपरान्त रू0 25/– प्रति मैच प्रति खिलाड़ी की दर से जलपान हेतु भुगतान करना होगा।

(6) प्रतियोगिता समाप्ति के 15 दिन के अन्दर अपना तथा खिलाड़ियों के लिए ली गई अग्रिम धनराशि का समायोजन हेतु देयक प्राप्त कराना अनिवार्य है, अन्यथा कि स्थिति में अगली प्रतियोगिता हेतु आपको टीम प्रबन्धक नामित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**(7) विश्वविद्यालय की टीम अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जाने के लिए टीम के सभी सदस्य (खिलाड़ी) एवं टीम प्रबन्धक तथा टीम कोच विश्वविद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराकर एवं अपना किट तथा ट्रैकशूट प्राप्त कर गंतव्य स्थान के लिए विश्वविद्यालय परिसर से ही प्रस्थान करेंगें।**

(घ) <u>पर्यवेक्षक के लिए: (पर्यवेक्षक के कार्य):–</u>

(1) आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य से प्रतियोगिता प्रारम्भ होने की तिथि ज्ञात करना।

(2) विश्वविद्यालय की टीम का नियमानुसार चयन करना तथा प्रतियोगिता के आयोजन की पर्यवेक्षण आख्या प्रतियोगिता समाप्ति के बाद विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि को प्राप्त करायें/अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित करें।

(3) चयनित खिलाड़ियों की सूची एवं पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म पर पता सहित हस्ताक्षर करना।

(4) आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य से पर्यवेक्षण कार्य के सम्पादन का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर यात्रा एवं दैनिक भत्ता तथा पारिश्रमिक देयक के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु खेलकूद विभाग, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पास भेजा जाय।

(5) कोई भी सदस्य एक साथ टीम प्रबन्धक/पर्यवेक्षक/चयनकर्ता/ कोच/निर्णायक (रेफरी) आदि का उत्तरदायित्व नहीं वहन कर सकता। एक समय में मात्र उपरोक्त में से किसी एक कार्य का उत्तरदायित्व ही सौंपा जायेगा जिसका वह पात्र होगा।

<u>अन्तर महाविद्यालयीय एवं अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं हेतु सामान्य नियम</u> :–

(1) जिन खिलाड़ियों के पास वर्तमान सत्र का प्राचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित परिचय पत्र तथा पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म नहीं है। उस खिलाड़ी को आयोजन सचिव द्वारा किसी भी दशा में प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने दिया जायेगा। परिचय पत्र तथा इलिजिविल्टी फार्म के फोटो पर केवल प्राचार्य का ही हस्ताक्षर एवं सील मान्य होगा। अन्य किसी अधिकारी का नहीं।

(2) जिस महाविद्यालय के खिलाड़ी के पास हाईस्कूल एवं इण्टर का मूल अंक पत्र या प्रमाण नहीं है उस खिलाड़ी को प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने दिया जायेगा। किसी भी दशा में फोटो स्टेट कापी मान्य नहीं होगी।

(3) एथलेटिक्स पुरूष एवं महिला, भारोत्तोलन पुरूष एवं महिला, जूडो, ताइक्वाण्डो, कुश्ती, बाक्सिंग, वूशू, किक बाक्सिंग टीम का चयन मानक एवं भार वर्ग के आधार पर होगा। मानक एवं भारवर्ग पत्र के साथ संलग्न है।

(4) बैडमिण्टन एवं टेबुल टेनिस प्रतियोगिता में पर्यवेक्षकगण एवं आयोजन सचिव द्वारा चुनी गई टीम के घोषणा करने के 20 मिनट के अन्दर ऐसे प्रतिभागी जो कि उक्त चल रही प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं और पराजित होकर बाहर हो गये हैं उनको रू0 100.00 शुल्क तथा आवेदन पत्र जो कि आयोजन सचिव को सम्बोधित होगा, उन्हें चयनित टीम के किसी भी एक खिलाड़ी को चैलेन्ज करने का अधिकार होगा और यदि चैलेन्ज कर्ता चयनित टीम के खिलाड़ी जिसको उसने चैलेन्ज किया था हरा देता है तो हारने वाला टीम से बाहर हो जायेगा और चैलेन्जकर्ता टीम में सम्मिलित हो जायेगा। पूर्व से टीम में चयनित सदस्य जो चैलेन्जकर्ता से हार कर टीम से बाहर हो चुका है उपरोक्त रू0 100.00 तथा आवेदन के साथ वर्तमान चयनित टीम के किसी एक खिलाड़ी को चैलेन्ज कर सकता है। किसी भी दशा में एक से अधिक बार किसी को चैलेन्ज करने का अधिकार नहीं होगा। पर्यवेक्षकों का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे आयोजन सचिव के सहयोग से प्रतियोगिता के प्रारम्भ होने के पूर्व दोनों टीमों के खिलाड़ियों के पात्रता प्रमाण–पत्र, परिचय पत्र, तथा हाईस्कूल/समकक्ष, इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा के मूल प्रमाणपत्र की जाँच करेंगे।

(5) किसी अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में महिलाओं की कम से कम तीन टीमें तथा पुरूषों की कम से कम चार टीमें भाग लेगी तभी वह प्रतियोगिता मान्य होगी।

(6) चयनित खिलाड़ी की पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म पर आयोजन सचिव तथा पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर आवश्यक हैं यदि इनमें से किसी का हस्ताक्षर चयनित खिलाड़ी की पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म पर नहीं हैं तो वह विश्वविद्यालय की टीम में चयनित नहीं समझा जायेगा।

**(7) आयोजन सचिव द्वारा नामित सदस्य द्वारा प्रपत्रों की जाँच के दौरान निम्न बातों पर विशेष ध्यान देंगे–**

(क) पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म पर खिलाड़ी का अंग्रेजी के कैपिटल लेटर से पूरा एवं स्पष्ट नाम लिखा हो यदि हिन्दी में हो तो स्पष्ट अक्षरों में।

(ख) खिलाड़ी के पिता एवं माता का पूरा नाम स्पष्ट रूप से लिखा हो।

(ग) खिलाड़ी के पत्र व्यवहार का पूरा पता स्पष्ट रूप से लिखा हो।

(घ) खिलाड़ी की कक्षा (जिसमें अध्ययनरत हो या जिसकी परीक्षा दिया हो उसका सत्र और परीक्षाफल घोषित न हुआ हो स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए)।

(च) जिस खिलाड़ी ने इण्टर मीडिएट परीक्षा सन् 2013 या उसके बाद उत्तीर्ण किया हो वही खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने का पात्र होगा।

(छ) जिस खिलाड़ी की आयु 1 जुलाई 2021 को 17 वर्ष से कम न हो एवं 25 वर्ष से अधिक न हो (जिसकी जन्म तिथि 1 जुलाई 1996 से 1 जुलाई 2004 के बीच का हो)

(ज) खिलाड़ी के वर्तमान सत्र के परिचय पत्र का जॉच करना, फोटो पर प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर एवं सील होना आवश्यक है। परिचय पत्र पर किसी प्रकार की ओवर राइटिंग कटा–पिटा नहीं होना चाहिए, अन्यथा आयोजक महाविद्यालय /विश्वविद्यालय द्वारा आपत्ति उठाई जाती है और टीम प्रबन्धकों को काफी कठिनाई होती है।

(9) ए0 आई0 यू0 नई दिल्ली द्वारा प्रेषित संशोधित पात्रता (इलिजिविल्टी) फार्म नियम अंग्रेजी में टंकित प्रति संलग्न है। यही नियम अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में लागू होंगे। इन्हीं नियमों का पालन वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में भी किया जाना अनिवार्य होगा। यदि उपरोक्त पात्रता नियमों के विरूद्ध किसी प्रकार का प्रमाण प्राप्त होता है तो वे इसकी सूचना सम्बन्धित टीम मैनेजर को देंगे।

(10) टीम के कोच एवं मैनेजर दोनों एक ही महाविद्यालय के प्राध्यापक नहीं होगें। टीम का कोच विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा नामित किया जायेगा।

# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

मानक सत्र 2021–2022

| एथलेटिक प्रतियोगिता–(पुरूष / महिला) | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | पुरूष वर्ग | महिला वर्ग |
| | 100 Mts. | 10.85 Sec | 12.16 Sec |
| 2 | 200 Mts. | 22.11 Sec | 24.86 Sec |
| 3 | 400 Mts | 48.63 Sec | 57.77 Sec |
| 4 | 800 Mts. | 1:53:07 Min | 2:18.40 Min |
| 5 | 1500 Mts | 3:59:17 Min | 4:42.22 Min |
| 6 | 5000 Mts. | 15:53:98 Min | 17:52:27 Min |
| 7 | 10000 Mts. | 33:13:46 Min | 40.03:401Min |
| 8 | 110 Mts. Hardil | 16.94 Sec | 14.69 Sec |
| 9 | 400 Mts. Hardil | 54.37 Sec | 1:07.38 Sec |
| 10 | 20 K.M. Walk/5KM Walk | 1:36:26 Sec | 2:05.36 Sec |
| 11 | Long Jump | 7.29 Mts. | 5.76Mts. |
| 12 | High Jump | 1.95 Mts. | 1.63 Mts. |
| 13 | Triple Jump | 15.44 Mts | 12.48 Mts. |
| 14 | Pole Vault | 4.20Mts. | 3.10 Mts. |
| 15 | Shot Put | 15.81 Mts. | 12.80 Mts. |
| 16 | Discus Throw | 46.19 Mts | 43.46 Mts |
| 17 | Jawelin Throw | 66.69 Mts. | 43.11 Mts. |
| 18 | Hammer Throw | 55.28 Mts. | 46.69 Mts. |
| 19 | Decathlon/Heptathlon | 5627 Points | 3416 Points |
| 20 | Half Marathon | 1:11.38 Hour. | 1:28.45 Hour. |
| 21 | Steple Chage | 9.57.43 Min. | 12.12.11 Min. |

| बाक्सिंग पुरूष भार वर्ग |
|---|
| Light Fly Weight (46 to 49 kg) |
| Fly Weight (over 49 to 52 kg) |
| Bantam Weight (over 52 to 56 kg) |
| Light Weight (over 56 to 60 kg) |
| Light Welter Weight (over 60 to 64 kg) |
| Welter Weight (over 64 to 69 kg) |
| Middle Weight (over 69 to 75 kg) |
| Lt Heavy Weight (over 75 to 81 kg) |
| Heavy Weight (over 81 to 91 kg) |
| Sp Heavy Weight (above 91 kg |
| बाक्सिंग महिला भार वर्ग |
| Light Fly Weight (over 45 to 48 kg) |
| Fly Weight (over 48 to 51 kg) |
| Bantam Weight (over 51 to 54 kg) |
| Feather Weight (over 54 to 57 kg) |
| Light Weight (over 57 to 60 kg) |
| Welter Weight (over 60 to 64 kg) |
| Light Middle Weight (over 64 to 69 kg) |
| Middle Weight (over 69 to 75 kg) |
| Lt Heavy Weight (over 75 to 81 kg) |
| Heavy Weight ( above 81 kg) |

| कुश्ती (पुरूष) फ्री स्टाइल | | | कुश्ती (पुरूष) ग्रीको रोमन | | कुश्ती (महिला) फ्री स्टाइल | | जूडो | ताइक्वाण्डो पुरूष | ताइक्वाण्डो महिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Up to | **57kg** | Up to | **55kg** | Up to | **50 Kg** | 56 K.G. | 54 K.Gr. | 46 K.Gr. |
| 2 | Up to | **61kg** | Up to | **60kg** | Up to | **53 Kg** | 60 K.G. | 58 K.Gr. | 49 K.Gr. |
| 3 | Up to | **65kg** | Up to | **63kg** | Up to | **55 Kg** | 66 K.G. | 63 K.Gr. | 53 K.Gr. |
| 4 | Up to | **70kg** | Up to | **67kg** | Up to | **57 Kg** | 73 K.G. | 68 K.Gr. | 57 K.Gr. |
| 5 | Up to | **74kg** | Up to | **72kg** | Up to | **59Kg** | 81 K.G. | 74 K.Gr. | 62 K.Gr. |
| 6 | Up to | **79kg** | Up to | **77kg** | Up to | **62Kg** | 90 K.G. | 80 K.Gr. | 67 K.Gr. |
| 7 | Up to | **86kg** | Up to | **82kg** | Up to | **65Kg** | 100 K.G. | 87 K.Gr. | 73 K.Gr. |
| 8 | Up to | **92kg** | Up to | **87 Kg** | Up to | **68kg** | open | Above 87 kg | Above 73 K.Gr. |
| 9 | Up to | **97kg** | Up to | **97 Kg** | Up to | **72Kg** | | | |
| 10 | Above | **125kg** | Above | **130 Kg** | Above | **76kg** | | | |

| भारोत्तोलन (पुरूष) | | | भारोत्तोलन (महिला) | | पावर लिफि्टंग (पुरूष) | | पावर लिफि्टंग (महिला) | | शरीर सौष्ठव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | भार वर्ग | स्नैच क्लीन एण्ड जर्क | भार वर्ग | स्नैच क्लीन एण्ड जर्क | भार वर्ग | स्क्वैट बेंचप्रेस डिड | भार वर्ग | स्क्वैट बेंचप्रेस डिड | |
| 1 | 56 K.G. | 190 kg. | 48 K.G. | 117 kg. | 59 K.G. | 527.5 kg. | 47 K.G. | 267.5 kg. | 60 K.G. |
| 2 | 62 K.G. | 200 kg. | 53 K.G. | 113 kg. | 66 K.G. | 545 kg. | 52 K.G. | 282.5 kg. | 65 K.G. |
| 3 | 69 K.G. | 230 kg. | 58 K.G. | 143 kg. | 74 K.G. | 535 kg. | 57 K.G. | 257.5 kg. | 70 K.G. |
| 4 | 77 K.G. | 245 kg. | 63 K.G. | 121 kg. | 83 K.G. | 600 kg. | 63 K.G. | 232.5 kg. | 75 K.G. |
| 5 | 85 K.G. | 240 kg. | 69 K.G. | 130 kg. | 93 K.G. | 675 kg. | 72 K.G. | 335 kg. | 80 K.G. |
| 6 | 94K.G. | 250 kg. | 75 K.G. | 135 kg. | 105 K.G. | 682.5 kg. | 84 K.G. | 232.5 kg. | 85 K.G. |
| 7 | 105 K.G. | 239 kg. | 90 K.G. | 144 kg. | 120 K.G. | 540 kg. | +84 K.G. | 312.5 kg. | 90 K.G. |
| 8 | +105K.G. | 261 kg. | +90K.G. | | +120K.G. | 515 kg. | | | +90 K.G. |

डॉ0 (आलोक कुमार सिंह)
सचिव,
खेलकूद परिषद

## ELIGIBILITY CERTIFICATE

# *Proforma for forwarding the name of the player to participate In the Inter Collegiate Tournament 2021-2022*

1. Name of the college (in Block letter) ..........................................
2. Name of Tournament ..........................................
3. Tournament to be held at ..........................................
4. Name of Player (in Block letters English)..........................................
   **Hindi** ..........................................
5. Name of Father ..........................................
6. Name of Mother ..........................................
7. Home address ..........................................

8.* **Mobile No.** ..........................................

9. Year of the joining the college..........................................

10.* **Aadhar No.** ..........................................

11. Present session ..........................................
12. Present class ..........................................
13. Result has been declared **Yes/No**
14. Date of Birth ..........................................
15. Year of passing High School ..........................................
16. Year of passing Intermediate ..........................................

17.* **Scholar Register No.** ..........................................

18. Signature of the player in full ..........................................

19. **Submit Fitness Certificate**

बिना प्रमाणित फोटो नत्थी करें।गोंद से कदापि चस्पा न करें।

Photograph Attach by Pin

प्राचार्य द्वारा प्रमाणित फोटो चस्पा करें।

**Attested by the Principal of the Institution**

This is certify that above player is bonafide student of this college and is not employed on full time or part time basic any where and information given above are correct to the my knowledge and belif.

Signature of the Principal
(With seal)

**Dated:** Signature of player/Athelete/Gymnast etc. to be taken with the presence of oraganizing Secretary and chairman and member of protest committee if a protest has been lodged oraganizing any participation.

*** Mandatory Information**

**For the use Organising Secretary & Selecter**

Shri..........................................of..........................................
(Name of college) Has been selected in the University...............Team & we have checked all entries from his original certificate.

| | | |
|---|---|---|
| 1.Signature of Selector | 2.Signature of Selector | 3.Signature of Organising Secretary |
| 1..................College | 2..................College | 3. ..................................College |

**Note:** Organising Secretary is requested to send this proforma to the secretary. Sport Council of the University for record and reference alongwith the list of player of University team.

**Secretary**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उ0 प्र0

खेलकूद परिषद (Sports Calender 2021-2022)

| क्र. सं. | खेल का नाम | आयोजक महाविद्यालय का नाम | अ. महा. प्रति0 की तिथि | पू. क्षे अ. वि0 प्रति0 की तिथि | पू0 क्षे0 अन्तर वि0 वि0 प्रतियोगिता स्थल | डिटेल इन्ट्री | अ. भा. अं. वि. प्रति. की तिथि | अ. भा. अंतर वि0वि0 प्रतियोगिता स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रास कण्ट्री पु./म. | लालती कुमुदेश्वर महावि. जौनपुर | 20.11.2021 | .................... | ............................ | | | मंगलोर वि.वि.मंगलोर |
| 2 | वालीबाल पु. | पी. जी. कालेज, गाजीपुर | 02.12.2021 | | बी.एच.यू. वाराणसी | | | किट्ट वि.वि. भुवनेश्वर |
| 3 | टी0 टी0 म.<br>टी0 टी0 पु. | सहकारी पी.जी.कालेज,मिहरावां, जौनपुर | 13.12.2021 | | एल.एन.मिथिला वि.वि.दरभंगा | | | चण्डीगढ़ वि. वि. मोहाली |
| 4 | हाकी पु. | श्री मेघबरन सिंह महा. करमपुर, गाजीपुर | 16–17.11.2021 | | अ. बि. वाजपेई वि.वि.बिलासपुर | | | जवाहर लाल नेहरू हाकी सोसाइटी |
| 5 | चेस पु. | विश्वविद्यालय परिसर ट्रायल के आधार पर | 31.12.2021 | | ओ.पी.जिन्दल वि.वि.छत्तीसगढ़ | | | |
| 6 | कबड्डी पु. | श्री गांधी पी.जी.कालेज,मालटारी,आजमगढ़ | 07–08.12.2021 | | डॉ.सी.वी.रमन वि.वि: बिलासपुर | | | एम.डी.यू.रोहतक |
| 7 | बास्केटबाल पु.. | टी.डी.पी.जी. कालेज, जौनपुर | 24.11.2021 | | | | | हिन्दुस्तान वि.वि., चेन्नई |
| 8 | शूटिंग | बयालसी महा. जलालपुर, जौनपुर | 16.12.2021 | .................... | ............................ | | | मानव रचना इन्टरनेशनल वि.वि. फरीदाबाद |
| 9 | कुश्ती म.<br>कुश्ती पु. | विश्वविद्यालय परिसर | 14–15.12.2021 | .................... | ............................ | | | चौ. बंशी लाल वि.वि. भिवानी<br>चौ. बंशी लाल वि.वि. भिवानी |
| 10 | वेट लि0 एवं बेस्ट फिजीक पु. | राजा हरपाल सिंह महा.सिंगरामउ, जौनपुर | 22.12.2021 | .................... | ............................ | | | चण्डीगढ़ वि. वि. मोहाली |
| 11 | खो–खो म. | आचार्य बलदेव महा. पतरही, जौनपुर | 29.12.2021 | | सम्बलपुर वि.वि., सम्बलपुर | | | बंगलोर वि.वि. बगंलोर |
| 12 | पावर लिफ्टिंग पु. एवं म. | विश्वविद्यालय परिसर | 23–24.12.202 | .................... | ............................ | | | |
| 13 | वेट लिफ्टिंग म. | विश्वविद्यालय परिसर | | .................... | ............................ | | | ए.एन.यू.गुन्टूर आन्ध्र प्रदेश |
| 14 | जिम्नास्टिक | विश्वविद्यालय परिसर | 20.01.2022 | .................... | ............................ | | | जी.एन.डी.यू.अमृतसर |
| 15 | बैडमिण्टन पु.<br>बैडमिण्टन म. | टी.डी.पी.जी. कालेज, जौनपुर | 04–05.12.2021 | | सिक्किम वि.वि. मनिपाल<br>रायल ग्लोबल वि.वि. असम | | | चण्डीगढ़ वि. वि. मोहाली<br>चण्डीगढ़ वि. वि. मोहाली |
| 16 | हाकी म. | श्री मेघबरन सिंह महा. करमपुर, गाजीपुर | 17.12.2021 | | अ. बि. वाजपेई वि.वि.बिलासपुर | | | एम.एल.सुखाड़िया वि.वि.उदयपुर |
| 17 | खो–खो पु. | राजा श्रीकृष्णदत्त पी.जी.कालेज,जौनपुर | 21–22.01.2022 | | | | | सेन्ट्रल वि.वि.आफ हिमांचल प्रदेश |
| 18 | फुटबाल पु. | शिवली नेशनल कालेज, आजमगढ़ | 20–21.12.2021 | | | | | एम.जी.यू.कोट्यम |
| 19 | वालीबाल म. | कुटीर पी.जी.कालेज,चक्के, जौनपुर | 25.12.2021 | | | | | किट्ट वि.वि. भुवनेश्वर |
| 20 | तीरंदाजी पु./म. | विश्वविद्यालय परिसर | 26.11.2021 | .................... | ............................ | | | चण्डीगढ़ वि. वि. मोहाली |
| 21 | बास्केटबाल म. | मो. हसन पी.जी.कालेज,जौनपुर | 18.12.2021 | | म. गा. काशी विद्यापीठ,वाराणसी | | | एस.आर.एम.सोनीपत, हरियाणा |
| 22 | एथलेटिक्स पु.<br>एथलेटिक्स म. | विश्वविद्यालय परिसर | 27–30.11.2021 | .................... | ............................ | | | मंगलोर वि.वि.मंगलोर<br>किट्ट वि.वि. भुवनेश्वर |

12/11/2021

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | जूडो पु. | डी.ए.वी.पी.जी.कालेज,आजमगढ़ | 22.11.2021 | ............ | ............ | | | छ.साहू जी महाराज वि.वि.कानपुर |
| 24 | क्रिकेट पु. | विश्वविद्यालय परिसर | 08–15.01.2022 | | | | | छ.साहू जी महाराज वि.वि.कानपुर |
| 25 | फुटबाल म. | विश्वविद्यालय परिसर ट्रायल के आधार पर | 19.12.2021 | | | | | अन्नामलाई वि.वि.तमिलनाडू |
| 26 | हैण्डबाल म. | विश्वविद्यालय परिसर | 17–18.01.2022 | 01–04.02.2022 | वीर बहादुर सिंह पू.वि.वि.,जौनपुर | | | चौ.रणवीर सिंह वि.वि.जिन्द |
| 27 | हैण्डबाल पु. | विश्वविद्यालय परिसर | 17–18.01.2022 | 12–15.02.2022 | वीर बहादुर सिंह पू.वि.वि.,जौनपुर | | | कालीकट वि.वि.केरल |
| 28 | कबड्डी म. | नूरूद्दीन महिला पी.जी.कालेज,जौनपुर | 10.12.2021 | | सम्बलपुर वि.वि., सम्बलपुर | | | गोविन्द गुरूट्राइबल वि.वि.राजस्थान |
| 29 | तलवारबाजी पु. | विश्वविद्यालय परिसर ट्रायल के आधार पर | 01.12.2021 | ............ | ............ | | | जी.एन.डी.यू.अमृतसर |
| 30 | क्रिकेट म. | विश्वविद्यालय परिसर | 17–18.02.2022 | | | | | सत्यभामा वि.वि. चेन्नई |
| 31 | 5 साइड हाकी पु. | विश्वविद्यालय परिसर | 19–20.02.2022 | ............ | ............ | | | |
| 32 | 5 साइड हाकी म. | विश्वविद्यालय परिसर | 19–20.02.2022 | ............ | ............ | | | |
| 33 | योग | हण्डिया पी.जी.कालेज,हण्डिया,प्रयागराज | 25.12.2021 | ............ | ............ | | | किट्ट वि.वि. भुवनेश्वर |
| 34 | सिक्स साइड क्रिकेट पु. एवं म. | विश्वविद्यालय परिसर ट्रायल के आधार पर | | ............ | ............ | | | |
| 35 | किक बाक्सिंग पु.<br>किक बाक्सिंग म. | विश्वविद्यालय परिसर | 05.01.2022 | ............ | ............ | | | डॉ.रा. म. लोहिया वि.वि.,अयोध्या<br>वीर बहादुर सिंह पू.वि.वि.,जौनपुर |
| 36 | ग्रेपलिंग | विश्वविद्यालय परिसर ट्रायल के आधार पर | 02.01.2022 | ............ | ............ | | | एम.डी.यू.रोहतक |
| 37 | ताइक्वाण्डो | स्वामी सहजानन्द पी.जी. कालेज, गाजीपुर | 04.01.2022 | ............ | ............ | | | |
| 38 | बाक्सिंग | सर्वोदय पी.जी.कालेज,घोसी,मऊं | 26.11.2021 | ............ | ............ | | | एल.पी.यू.जालन्धर |
| 39 | क्वान की डो | विश्वविद्यालय परिसर ट्रायल के आधार पर | 02.01.2022 | ............ | ............ | | | |
| 40 | वूशू पु. एवं म. | श्री महन्थ रामाश्रय दासपी.जी.कालेज,गाजीपुर | 07.01.2022 | ............ | ............ | | | छ.साहू जी महाराज वि.वि.कानपुर |

नोट–1. आयोजनकर्ता महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि वार्षिक खेलकूद कैलेण्डर में अन्तरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता की निर्धारित तिथि पर ही प्रतियोगिता सम्पन्न करायें।

2. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य से अनुरोध है कि वार्षिक खेलकूद कैलेण्डर में प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टि की निर्धारित तिथि तक डाक/ दूरभाष/इमेल द्वारा आयोजक महाविद्यालय को प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रविष्टि सुनिश्चित करायें अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित होने की दशा में आपके शिकायती पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

3. आयोजक महाविद्यालय द्वारा 12 या उससे कम सदस्यों की टीम में 2, क्रिकेट टीम में 6, हैण्डबाल, फुटबाल एवं हाकी में 4 अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन किया जाय तथा आयोजन सचिव द्वारा टीम की अनन्तिम सूची की घोषणा नही की जायेगी।

4. पूर्वी क्षेत्र एवं अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता की तिथि निर्धारित होने पर अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता की तिथि परिवर्तित हो सकती है, जिसकी सूचना खेलकूद विभाग द्वारा समस्त सम्बन्धित को दूरभाष से अथवा पत्र द्वारा दी जायेगी।

सचिव